TATA RYERSON LIMITED

(100%)

टाटा रायरसन उत्तरांचल में 'स्टील सर्विस सेण्टर' स्थापित करेगी

कोलकाता, 9 अगस्त (न.प्र.)। इस्पात उद्योग में कोर सोल्यूशन तथा सम्बन्धित सेवाएं प्रदान करने वाली टाटा समूह की प्रमुख कम्पनी टाटा रायरसन लिमिटेड उत्तरांचल में लगभग 6.5 एकड़ क्षेत्र में एक अत्याधुनिक स्टील सर्विस सेण्टर की स्थापना करेगी।

कम्पनी के प्रबन्ध निदेशक संदीपन चक्रवर्ती ने आज यहां बताया कि हम दो वर्षों के भीतर 2 मिलियन टन इस्पात प्रोसेसिंग के लक्ष्य को प्राप्त करने की योजना बना चुके हैं। इसके लिये पंतनगर में करीब 40 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस सेण्टर में इस्पात की एक्सपर्ट हैण्डलिंग से जुड़ी सभी सेवाएं तथा इससे सम्बन्धित कोर सोल्यूशन अंतरराष्ट्रीय स्तर की होंगी। चक्रवर्ती ने बताया कि उत्तरांचल में ही टाटा मोटर्स अपनी लघु ट्रक 'एस' का संयत्र स्थापित कर रहा है। इसके अलावा बजाज ऑटो भी वहां अपनी एक इकाई लगा रहा है, चक्रवर्ती ने कहा कि हमारी सेवाओं का भारतीय बाजार में तेजी से विस्तार हो रहा है तथा कम्पनी 60 प्रतिशत की दर से वृद्धि कर रही है। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने आशा प्रकट की कि राज्य के सिंगुर में टाटा के प्रस्तावित लघु कार संयंत्र के काम शुरू होते पूर्वी भारत में भी कम्पनी को नया बूस्ट मिलेगा।